भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4094

बुधवार, दिनांक 12 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>पीएम-कुसुम के लिए पोर्टल</u>

4094. डॉ. राजेश मिश्रा: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री-किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम-कुसुम) की उपलब्धि का प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या पीएम-कुसुम के तहत सौर पंप राजसहायता आवेदनों के लिए बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल सर्वर समस्याओं और अन्य कारणों से अधिकांश समय बंद रहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ग्रामीण किसान पंजीकरण से वंचित हो जाते हैं और यदि हाँ, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विशेषकर सीधी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान मध्य प्रदेश के लिए पीएम-कुसुम के तहत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार किसानों की सुविधा के लिए 24 घंटे सेवा और ओपन-एंडेड विंडो बनाए रखने हेतु राष्ट्रीय डेटाबेस को उन्नत करने की किसी योजना पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) क्या उन गांवों में जहाँ नेटवर्क संपर्क उपलब्ध नहीं है वहाँ ऑफलाइन आवेदनों के लिए कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) पीएम कुसुम के अंतर्गत राज्य-वार प्रगति **अनुलग्नक-I** में दी गई है।

दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, योजना के तहत कुल 15.81 गीगावॉट स्थापित किया गया है।

(ख) पीएम-कुसुम एक मांग संचालित योजना है और क्षमताओं का आवंटन राज्य द्वारा की गई मांग के आधार पर किया जाता है। संबंधित राज्य पोर्टलों के माध्यम से लाभार्थियों का चयन और योजना का कार्यान्वयन राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) की जिम्मेदारी है।

पीएम कुसुम का राष्ट्रीय पोर्टल योजना की प्रभावी निगरानी के लिए है, जहां स्थापना के आधार पर और योजना के दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्यवार सौर पंपों को सिंक्रोनाइज किया जाता है।

(ग) मंत्रालय SIA को लक्ष्य आवंटित करता है जो बदले में विभिन्न जिलों को उनकी मांग के अनुसार आवंटित करते हैं।

SIA द्वारा राज्य के बारे में दी गई सूचना के अनुसार, सीधी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत हुई प्रगति इस प्रकार है:

	प्राप्त आवेदन	**स्थापित**
भाग- A (MW)	26	1.5
भाग- B (पंपों की संख्या)	706	334
भाग- C (पंपों की संख्या)	शून्य	शून्य

(घ) और (ङ): कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

अनुलग्नक-I

दिनांक 12.08.2026 को पूछे गए लोक सभा आतारांकित प्रश्न सं. 4094 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

पीएम कुसुम योजना के तहत दिनांक 31.07.2026 तक प्रगति

क्र. स.	राज्य का नाम	भाग-A (MW)		भाग-B (संख्या)		भाग-C (संख्या)				
		स्वीकृत	स्थापित	स्वीकृत	स्थापित	स्वीकृत (IPS)	स्थापित (IPS)	स्वीकृत (FLS)	स्थापित (FLS)	स्थापित (कुल)
1	अरुणाचल प्रदेश	0	0	700	699	0	0	0	0	0
2	असम	2	0	4000	1695	0	0	0	0	0
3	छत्तीसगढ़	366	19	0	0	0	0	10523	622	622
4	बिहार	0	0	0	0	0	0	140300	6070	6070
5	गुजरात	175	0	22792	22792	0	0	467114	304948	304948
6	गोवा	24	4	900	200	0	0	11000	700	700
7	हरियाणा	158	75.21	197655	195521	0	0	2899	0	0
8	हिमाचल प्रदेश	100	100	1270	1103	0	0	0	0	0
9	जम्मू और कश्मीर	0	0	5000	4873	0	0	0	0	0
10	झारखंड	0	0	86985	74201	0	0	0	0	0
11	कर्नाटक	0	0	41365	29513	0	0	763588	150490	150490
12	केरल	0	0	8	8	9448	4063	22368	11809	15872
13	लद्दाख	0	0	1400	315	0	0	0	0	0
14	मध्य प्रदेश	1401	230.66	59400	26478	0	0	175000	71934	71934
15	महाराष्ट्र	260	21	575000	559409	0	0	875000	875000	875000
16	मणिपुर	0	0	450	160	0	0	0	0	0
17	मेघालय	0	0	2735	98	0	0	0	0	0
18	मिजोरम	0	0	1700	613	0	0	0	0	0
19	नागालैंड	0	0	265	265	0	0	0	0	0
20	ओडिशा	90	6	18441	16052	0	0	5223	0	0
21	पुडुचेरी	0	0	72	0	0	0	0	0	0
22	पंजाब	0	0	18048	17928	186	25	0	0	25
23	राजस्थान	5618	1442.43	134752	127639	2138	2138	400000	229994	232132
24	तमिलनाडु	3	3	5187	5186	0	0	0	0	0
25	तेलंगाना	1797	84	7000	0	28000	0	0	0	0
26	त्रिपुरा	5	0	11114	9401	3600	1375	0	0	1375
27	उत्तर प्रदेश	1	1	107266	71538	12000	8654	370000	2477	11131
28	उत्तराखंड	0	0	3685	2980	0	0	0	0	0
29	पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	20	4	0	0	4
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0	0	0	0
31	आंध्र प्रदेश	0	0	0	0	0	0	293587	0	0
	कुल	**10000**	**1986.30**	**1307190**	**1168667**	**55392**	**16259**	**3536602**	**1654044**	**1670303**